>

Title: Need to ban the film shows of 'Jodha Akbar'.

श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़) : महोदय, हाल ही प्रदर्शित हिंदी फिल्म जोधा-अकबर विवादों के घेरे में रही। फिल्म में विवाद का मुख्य कारण जोधाबाई था तथा फिल्म में जोधाबाई का जो किरदार दिखाया गया वह वास्तव में गलत है, ऐसा इतिहासकारों का भी मानना है। फिल्म में दिखाये गये जोधाबाई के किरदार से देश के राजपूतों में काफी रोÂष उत्पन्न हुआ, खासकर राजस्थान के राजपूतों ने इसका विरोध किया और फिल्म के प्रदर्शित होने में कई राज्यों में रोक लगी।

इस फिल्म में निभाये गये जोधाबाई के किरदार को अस्पष्ट दिखाया गया है। फिल्म प्रदर्शित व फिल्म में विवाद होने के कारण देश के समस्त राजपूत समुदायों ने तत्काल सूचना एवं प्रसारण मंत्री से भी इस फिल्म पर रोक लगाने का आग्रह किया।

अतः अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे अनुरोध है कि सदन इसमें तुंत हस्तक्षेप करें एवं राजपूत समुदायों में फैल रहे रोष एवं उन्हें पहुंची मानसिक ठेस की पूर्ति के लिए केन्द्र सरकार जोधा-अकबर फिल्म पर रोक लगाये।